खबर संक्षेप

कलेक्टर ने दिए सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के जल्द निराकरण के निर्देश



सतना। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा (टीएल) प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के साथ-साथ विभिन्न विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निराकरण के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त डॉ.नागार्जुन बी.गौडा,अपर कलेक्टर विकास सिंह,जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सपना त्रिपाठी,एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, एसडीएम सुभाष मिश्रा,डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

चित्रकूट के प्रसिद्ध दीपावली मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट में हुई बैठक



सतना। चित्रकूट में आगामी नवंबर माह में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय भव्य दीपावली मेले की व्यवस्थाओं व तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस.ने की। बैठक में मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा,स्वच्छता,यातायात एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को सुगम बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,नगर निगम आयुक्त डॉ.नागार्जुन बी.गौडा,अपर कलेक्टर विकास सिंह,जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सपना त्रिपाठी,एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, एसडीएम सुभाष मिश्रा,डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

डॉ. ए. के.भौमिक को राष्ट्रीय विज्ञान लाइफटाइम अवार्ड



सतना। एकेएस विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. ए.के. भौमिक को विज्ञान शिक्षा के लोकप्रियकरण एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रसार में योगदान के लिए नेशनल साइंस लाइफटाइम अवार्ड के लिए चुना गया है। रमन साइंस एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन की राष्ट्रीय पुरस्कार समिति ने उनके चार दशक से अधिक के शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक योगदान को देखते हुए यह चयन किया। डॉ.भौमिक जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर में डीन के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। यह सम्मान 24-25 अक्टूबर को गुजरात के अंकलेश्वर में भारतीय साइंस टेक्नो फेस्टिवल में प्रदान किया जाएगा।

18-19 आयु वर्ग के युवाओं और छूटे पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने विशेष अभियान

सतना। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पूर्ण होने के बाद 18-19 आयु वर्ग के युवाओं तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूटे पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने सतना जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निर्देशों के अनुरूप अभियान संचालित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत बीएलओ वर्तमान मतदाता सूची की तुलना एसआईआर से पूर्व की मतदाता सूची से करेंगे और ऐसे मतदाताओं को चिन्हित करेंगे,जो पूर्व की सूची में शामिल थे,लेकिन वर्तमान सूची में नहीं हैं। इसके बाद बीएलओ घर-घर जाकर चिन्हित मतदाताओं की वर्तमान स्थिति का सत्यापन करेंगे। पात्र पाए जाने वाले नागरिकों से फार्म-6 भरवाकर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाएगा। बीएलओ को प्रत्येक सप्ताह कम से कम 30 से 35 मतदाताओं को कवर करने के निर्देश दिए गए हैं,ताकि यह अभियान लगभग एक माह में पूरा किया जा सके।

विधायक के धरने से बैकफुट पर प्रशासनः जमीन पर बैठे एसडीएम और अफसर, ट्रैक्टर जब्ती को लेकर 'धर्मसंकट' में फंसा तंत्र

सतना।

चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में उस समय प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया,जब स्थानीय विधायक अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। मामले की नजाकत को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों का पूरा अमला तुरंत धरना स्थल पर पहुँचा। मझगवां एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर,नायाब तहसीलदार (वृत्त बरौंधा) सुदामा कोल,थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे,एसडीओ (वन विभाग) अभिषेक तिवारी और रेंजर रंजन सिंह परिहार ने विधायक को मनाने की कोशिशें तेज कर दीं। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर समेत तमाम आला अधिकारी विधायक के सामने जमीन पर ही बैठकर उन्हें मनाने (मान-मनौव्वल)



में जुट गए। पूरा मामला वन विभाग/प्रशासन द्वारा जब्त किए गए एक ट्रैक्टर से जुड़ा हुआ है।बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर पर की गई कार्रवाई विधि सम्मत (कानूनी प्रक्रिया के तहत) थी। अब प्रशासन के सामने दोहरी चुनौती खड़ी हो गई है। यदि प्रशासन बिना अदालती आदेश के जब्त ट्रैक्टर को छोड़ता है,तो उसकी कानूनी साख और प्रक्रिया पर सवाल उठेंगे और प्रशासन पूरी तरह बैकफुट पर आ जाएगा। यदि ट्रैक्टर नहीं छूटता है,तो जनप्रतिनिधि (विधायक) के आंदोलन और गरिमा पर बात आएगी। फिलहाल धरना स्थल पर अफसरों और विधायक के बीच बातचीत का दौर जारी है। देखना दिलचस्प होगा कि कानून और सियासत के इस 'धर्मसंकट' में प्रशासन समझौता का रास्ता निकालता है या फिर कानून की सख्ती बरकरार रहती है।

प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का महिला मोर्चा ने किया स्वागत



मैहर।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मैहर जिले के प्रवास पर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष माननीय हेमंत खंडेलवाल का महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती शशि मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा जेल तिराहा,मैहर में भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और पुष्पमालाओं के साथ उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस अवसर पर राजेश्वरी पटेल,अनिता तिवारी,रेखा दुबे,अंजू पांडे,इंदु श्रीवास्तव,अर्चना पटेल, मोनिका दहिया,सरोज तिवारी, मणिदीप तिवारी,प्रियंका सिंह, पद्मा शुक्ला,पद्मा पाठक, सरला द्विवेदी,सीमा सिंह,सरोज सिंह एवं चंदा सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शशि मिश्रा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का मैहर आगमन कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह और ऊर्जा का अवसर है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से महिला मोर्चा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा एवं संगठन के संदेश को पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के दौरान महिला कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती एवं जनसेवा के कार्यों को और अधिक गति देने का संकल्प लिया।

ऊँचेहरा में जंगली सियार का आतंक, बकरी बचाने पहुंचे दो चरवाहे भाइयों पर हमला कर किया घायल









सतना। वन परिक्षेत्र ऊँचेहरा के ग्राम बाबूपुर से लगे जंगल में सोमवार तड़के एक जंगली जानवर के हमले से हड़कंप मच गया। सुबह लगभग 5 बजे जब चरवाहे मवेशी और बकरियों के साथ जंगल की ओर थे,तभी एक जंगली सियार ने अचानक बकरी पर हमला बोल दिया। बकरी को सियार के चंगुल से बचाने पहुंचे चरवाहे रामगोपाल यादव और उनके बड़े भाई पर भी जंगली सियार ने हमला कर दिया। इस अचानक हुए हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए ऊँचेहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है,जहाँ उनका उपचार जारी है।जंगल से सटे ग्रामीण इलाकों में जंगली सियार के इस तरह आक्रामक होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासियों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।



रानी दुर्गावती जयंती पर मैहर में भव्य समारोह, ज्ञापन सौंपा



मैहर। वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती के अवसर पर पुरानी नगर पालिका के पीछे भव्य समारोह आयोजित किया गया। एससी,एसटी,ओबीसी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में शोभायात्रा,जनसभा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वक्ताओं ने रानी दुर्गावती के शौर्य,त्याग और स्वाभिमान को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। समारोह के दौरान समाज की विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार सतनामी को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी,गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राधेश्याम का को ड़ि या , रा ज कु मा र कोल,रामसजीवन कोल और एडवोकेट कमल सिंह मरकाम सहित कई जनप्रतिनिधि व वरिष्ठजन मौजूद रहे। 'जय सेवा,जय जोहार' के नारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर वीरांगना को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मैहर में 3,430 विद्यार्थियों का कथक नृत्य, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज



मैहर। मैहर गौरव दिवस के अवसर पर सोमवार को शहर के फुटबॉल ग्राउंड में इतिहास रचा गया। विभिन्न विद्यालयों के 3,430 छात्र-छात्राओं ने एक साथ 9 मिनट 24 सेकंड तक अनुशासित लय और ताल में कथक नृत्य प्रस्तुत किया।इस उपलब्धि को 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज किया गया और निर्णायक टीम ने मंच पर ही प्रमाण पत्र सौंपा।प्रस्तुति के बाद मां शारदा की सामूहिक आरती की गई,जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। 'माई की रसोई' द्वारा सभी प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए निःशुल्क जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री राधा सिंह,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी और एसपी अवधेश प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।कलेक्टर ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। शाम को 'व्यंजनों की बगिया' और बच्चों के फैशन शो का भी आयोजन रखा गया।

मैहर गौरव दिवस की सफलता पर विधायक ने जताया आभार

मैहर क्षेत्र के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने मैहर जिले के गौरव दिवस के सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन के लिए समस्त क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कथक समूह नृत्य में शामिल 3,430 छात्राओं को विशेष बधाई दी,जिनकी अद्भुत प्रस्तुति से मैहर का नाम 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ। विधायक श्री चतुर्वेदी ने कहा कि गौरव दिवस केवल एक आयोजन नहीं,बल्कि पूरे मैहर के स्वाभिमान और सांस्कृतिक पहचान का उत्सव था। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूली बच्चों, शिक्षकों, शिक्षा विभाग, जिला व पुलिस प्रशासन, नगर पालिका, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और उपस्थित जनसमूह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

10 साल से चकमा दे रहा कुख्यात फरार वारंटी गिरफ्तार



सतना।

जीआरपी ने वर्षों से चकमा दे रहे एक शातिर और कुख्यात स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने पन्ना जिले के अजयगढ़ में घेराबंदी कर आरोपी अजय सिंह गौड़ को धर दबोचा। पकड़ा गया आरोपी जीआरपी सतना थाना क्षेत्र के 3 स्थायी और 2 गिरफ्तारी वारंटों में लंबे समय से वांछित था। रेल पुलिस अधीक्षक जबलपुर सुंदर सिंह कनेश,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा और उप पुलिस अधीक्षक विजय गोठरिया के निर्देशन में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जीआरपी सतना थाना प्रभारी राजेश राज के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया,जिसमें प्रधान आरक्षक मुनेन्द्र मिश्रा,अनुज चतुर्वेदी और आरक्षक सज्जन सिंह को शामिल किया गया। पकड़ा गया आरोपी अजय सिंह गौड़ (उम्र 30 वर्ष,निवासी इंद्रपुरी कॉलोनी, थाना कोतवाली,जिला पन्ना) है।

अपराध क्रमांक 113/17: डकैती की योजना और अवैध हथियार (धारा 399,402भादवि एवं 25/ 27 आर्म्स एक्ट) अपराध क्रमांक 154/17: चोरी (धारा 379 भादवि)

अपराध क्रमांक 62/17: डकैती/चोरी के उद्देश्य से गिरोह में शामिल होना (धारा 401 भादवि)

मुखबिर की सूचना पर अजयगढ़ बाजार में घेराबंदी- वारंटी लगातार अपना ठिकाना बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम को ठोस मुखबिर सूचना मिली कि आरोपी पन्ना जिले के अजयगढ़ में मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अजयगढ़ बाजार क्षेत्र में घेराबंदी की और आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ लंबित 3 स्थायी वारंट और 2 गिरफ्तारी वारंट की तामीली करते हुए उसे माननीय न्यायालय सतना के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है। जीआरपी सतना पुलिस का कहना है कि अपराधियों और लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की धरपकड़ के लिए यह विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

रेडिएंट वर्ल्ड पैरा क्रिकेट लीग में चमके सतना के तीन सितारे



सतना।

आगरा के जेबी क्रिकेट ग्राउंड में 6से 11अक्टूबर तक आयोजित हो रही रेडिएंट वर्ल्ड पैरा क्रिकेट लीग 2026 में सतना के तीन दिव्यांग क्रिकेटरों ब्रजेश द्विवेदी,संजय साकेत और दिनेश रामदीन सिंह का चयन हुआ है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के 22 राज्यों सहित श्रीलंका,नेपाल और यूएई के करीब 80 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। सतना के खिलाड़ियों का यह सफर कड़ी मेहनत और अटूट हौसले की मिसाल है। ब्रजेश द्विवेदी(कप्तान,मुंबई मेवरिक्स) आईआईटी इंदौर में सीनियर असिस्टेंट के पद पर कार्यरत ब्रजेश पूर्व में भारत-नेपाल दिव्यांग टेस्ट सीरीज का हिस्सा रह चुके हैं। वे न केवल कप्तानी संभालेंगे,बल्कि 2019 से मध्य प्रदेश में दिव्यांग क्रिकेटरों को तराशने का अभियान भी चला रहे हैं। संजय कुमार साकेत (राजस्थान टीम) पटना में राष्ट्रीय दिव्यांग ट्रॉफी जीतने वाली मध्य प्रदेश टीम के स्टार ऑलराउंडर संजय राजस्थान टीम से मैदान में उतरेंगे। दिनेश रामदीन सिंह (मुंबई मेवरिक्स) अपनी शारीरिक चुनौतियों को मात देकर दिनेश इस मजबूत टीम में बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज खेलेंगे। छह टीमों वाली इस लीग में मध्य प्रदेश के कुल सात खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं,जिनमें श्याम चकवा,मुकम्मिल ,माखन सिंह राजपूत और लक्की कराडिया भी शामिल हैं।





NAME CORRECTION

I, Chandrika Prasad Shah, son of Shri Ramjatan Shah, aged 43 years, resident of Village Shasan Road, Gate No. 03, TUSHAKHAND P.O. Tiyara, Tehsil and District Singrauli (M.P.). I solemnly affirm that I am a resident of the above-mentioned address and that Kiran Shah (KIRAN SHAH) is my daughter, for whom I am the father and guardian. I solemnly affirm that my daughter Kiran Shah (KIRAN SHAH) is currently studying in Class 10 at Delhi Public School, Widhyanagar, District Singrauli (M.P). At the time of filling the Class 10 Examination form, her father's name was inadvertently written as Chandrika Shah, whereas in her Class 9 marksheet and Aadhaar Card, her father's name is correctly mentioned as Chandrika Prasad Shah. I solemnly affirm that this affidavit is being executed for the purpose of correcting the father's name in my daughter's Class 10 Examination form from Chandrika Shah to Chandrika Prasad Shah.

Deponent

खबर संक्षेप

पवित्र नगरी पवई में गूंजेगा राम नाम का जय घोष



पवई। देश विदेश में प्रख्यात बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज के द्वारा हिंदुओं को एक करने के उद्देश्य से सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर सोमवार को मां कलेही देवी मंदिर परिसर में बागेश्वर धाम शिष्य मंडल एवं धर्म प्रेमियों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें आगामी कार्यक्रम की तैयारी व्यवस्थाओं आदि को लेकर चर्चा की गई एवं विचार विमर्श किए गए। बता दें कि यह सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा 11 अक्टूबर को पन्ना से होकर 12 अक्टूबर को अमानगंज होते हुए सुबह 11रू00 बजे पवई पहुंचेगी, जहां मां कलेही देवी मेला प्रांगण में दोपहर 12 बजे एक मंचीय कार्यक्रम के आयोजन के साथ-साथ आशीर्वाद वचन भोजन प्रसाद एवं विश्राम भी होगा। तत्पश्चात यह सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा हटा के लिए जाएगी एवं रात्रि विश्राम हटा में होगा। इस अवसर पर शैलेश नगायच, मोनू जैन, प्रदीप मिश्रा, दीपेंद्र सिंह, मधु गुलाब सोनी,बसंत दहायत, लोकेंद्र सिंह,शिवम पांडे सहित समस्त शिष्य मंडल एवं धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

सुदामा चरित और परीक्षित मोक्ष के प्रसंग के साथ श्रीमद्भागवत कथा का भक्तिमय समापन



पवई। सब जेल पवई में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आज सप्तम एवं समापन दिवस श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। कथा व्यास डॉ. रजनीश शास्त्री जी ने अंतिम दिवस भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा की मित्रता, सुदामा चरित तथा राजा परीक्षित के मोक्ष का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान सुदामा चरित के माध्यम से निष्काम प्रेम, सच्ची मित्रता और भगवान के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया, वहीं परीक्षित मोक्ष प्रसंग ने जीवन की नश्वरता तथा ईश्वर-स्मरण के महत्व का भावपूर्ण स्मरण कराया। समापन अवसर पर जेलर अभिमन्यु पाण्डेय ने कथा में सम्मिलित होने वाले पवई नगर से पधारे संभ्रांत नागरिकों, सम्माननीय अतिथियों, जेल स्टाफ, संगीत मंडली एवं सभी बंदी भाइयों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सात दिनों तक चले इस आयोजन ने जेल परिसर में सकारात्मक, आध्यात्मिक एवं भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि कथा का समापन भले ही आज हो रहा है, लेकिन कथा से मिले संस्कार, सद्विचार और भगवान के प्रति श्रद्धा हमारे जीवन में निरंतर बनी रहनी चाहिए। अंत में जेल प्रशासन की ओर से कथा व्यास, अतिथियों, सहयोगियों, स्टाफ एवं बंदियों को आयोजन की सफलता में योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

वनमण्डल उत्तर पन्ना वन विभाग की सख्त कार्रवाई



पन्ना। उत्तर सामान्य वनमंडल पन्ना के अंतर्गत वन परिक्षेत्र पन्ना में वन अमले ने मुस्तैदी दिखाते हुए वन भूमि पर अवैध कब्जे की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। बीट केरवन के कक्ष क्रमांक च-385 में की गई इस त्वरित कार्रवाई से बेशकीमती वन भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ने से सुरक्षित बच गई।

गश्त के दौरान मिली सूचना, मौके पर दी दबिश''- प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को बीट केरवन के वन कक्ष क्रमांक च-385 में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा वन भूमि पर अवैध कब्जा व अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा था। नियमित गश्त के दौरान वन अमले को जैसे ही इस गतिविधि की सूचना मिली, टीम ने बिना समय गंवाए तत्काल मौके पर दबिश दी। भारी संख्या में वन अमले को अचानक सामने देखकर अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और वे मौके से भाग निकले।

मौका पंचनामा तैयार, वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज

विभागीय अमले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया। घटनास्थल का विधिवत निरीक्षण कर मौका पंचनामा तैयार किया गया है। संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की सुसंगत धाराओं के तहत वन अपराध प्रकरण (च्व्त्) पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

कार्रवाई में यह अमला रहा शामिल

उक्त संयुक्त कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना श्री अजय बाजपेयी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा खंडित, ग्रामीणों में भारी आक्रोश, पुलिस बल तैनात





गुनौर। जिले के गुनौर तहसील अंतर्गत ग्राम साहिलवारा (मजरा देवरा) से एक बेहद संवेदनशील और तनावपूर्ण मामला सामने आया है। यहाँ स्थापित बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश और रोष व्याप्त हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना आज दिनांक 05 अक्टूबर 2026 की सुबह लगभग 6रू00 बजे की है। जब ग्रामीण सुबह मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि चबूतरे पर स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा टूटी हुई अवस्था में नीचे गिरी पड़ी थी। यह प्रतिमा ग्रामीणों द्वारा करीब 3 वर्ष पूर्व श्रद्धापूर्वक स्थापित की गई थी।

प्रशासनिक मुस्तैदी और जाँच शुरू घटना की सूचना तुरंत श्डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई। मामला संवेदनशील होने के कारण पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। इसके साथ ही संबंधित तहसील के तहसीलदार महोदय ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया है और ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया जा रहा है। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, रखीं 3 प्रमुख मांगें इस कृत्य के विरोध में समस्त ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर श्रीमान कलेक्टर महोदय और तहसीलदार महोदय को एक औपचारिक शिकायत पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने अपनी 3 मुख्य मांगें रखी हैं। 1. दोषियों की तत्काल गिरफ्तारीरू बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने वाले अज्ञात/दोषी व्यक्तियों की तत्काल पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। 2. 24 घंटे में नई प्रतिमा की स्थापनारू खंडित की गई प्रतिमा के स्थान पर 24 घंटे के भीतर नई प्रतिमा को पुनरू पूर्ण सम्मान के साथ स्थापित किया जाए। 3. सुरक्षा और बाउंड्रीवॉल का निर्माणरू जिस सरकारी भूमि पर यह प्रतिमा स्थापित है, उसका शासकीय स्तर पर सीमांकन कराया जाए। साथ ही, भविष्य में ऐसी किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए वहां बाउंड्रीवॉल और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस संवेदनशील प्रकरण को पूरी गंभीरता से लेने और दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई कर उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का निवेदन किया है। फिलहाल पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुट गई है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

अमानगंज की न्यू किंग स्टार क्रिकेट अकादमी ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव, राज्य स्तर पर चमके खिलाड़ी

अमानगंज की लैदर क्रिकेट अकादमी से प्रतिभाओं को मिल रहा मंच, कोचों की मेहनत से खिलाड़ी कर रहे क्षेत्र का नाम रोशन



अमानगंज। नगर की बहुचर्चित न्यू किंग स्टार क्रिकेट अकादमी से लगातार क्रिकेट प्रतिभाएं उभरकर सामने आ रही हैं। नियमित अभ्यास, फिटनेस और अनुभवी कोचों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर अकादमी के खिलाड़ी जिला, संभाग और राज्य स्तर तक अपनी पहचान बना रहे हैं।

अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त भक्ति त्रिपाठी का सालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में राज्य स्तर तक चयन हुआ, वहीं वंशिका जाटव ने भी अकादमी में तैयारी कर राज्य स्तरीय चयन हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसी क्रम में अकादमी के अंडर-13 खिलाड़ी बृजपाल ने सागर डिवीजन स्तर पर खेलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

नियमित अभ्यास और फिटनेस पर विशेष जोर

अकादमी के हेड कोच इंद्रपाल जाटव ने बताया कि खिलाड़ियों को नियमित क्रिकेट अभ्यास के साथ व्यायाम और फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अनुभवी कोचों की निगरानी में खिलाड़ियों की तकनीक और खेल क्षमता को निखारने का प्रयास लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि अकादमी का लक्ष्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। जब तक अकादमी से खिलाड़ी नेशनल स्तर पर चयनित नहीं होते, तब तक मेहनत जारी रहेगी। आने वाले समय में अकादमी का और विस्तार कर अधिक से अधिक प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण देने की योजना है। अकादमी में हेड कोच इंद्रपाल जाटव, बॉलिंग कोच कमलाकांत रेले और बैटिंग कोच रविंद्र त्रिपाठी खिलाड़ियों को स्टेडियम में नियमित रूप से प्रशिक्षण देते हैं और उनकी प्रगति पर विशेष निगरानी रखते हैं।





शिक्षा के अवसरों का लगातार विस्तार किया जा रहा है - बृजेंद्र प्रताप सिंह

पन्ना। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पन्ना के पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष कैलाश गुप्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पन्ना के विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य और करियर को ध्यान में रखते हुए जिले में उच्च शिक्षा के अवसरों का लगातार विस्तार किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि पन्ना के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए दूसरे शहरों की ओर न जाना पड़े और उन्हें अपने जिले में ही अधिक से अधिक विषयों की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि पन्ना के पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय में विद्यार्थियों के करियर को ध्यान में रखते हुए अनेक नए विषय जोड़े गए हैं। इससे विद्यार्थियों को पहले जिन विषयों की पढ़ाई के लिए पन्ना से बाहर जाना पड़ता था, उनमें से कई महत्वपूर्ण विषयों का अध्ययन अब पन्ना में ही किया जा सकेगा। विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पन्ना में कृषि महाविद्यालय की स्थापना भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण जिले के विद्यार्थियों के लिए कृषि शिक्षा के क्षेत्र में यह बड़ा अवसर है। खोरा में नवीन महाविद्यालय प्रारंभ हो चुका है। बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पन्ना में उच्च शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव आने वाला है। पन्ना में मेडिकल कॉलेज का निर्माण जनवार चल रहा है। मेडिकल कॉलेज के शुरू होने के बाद पन्ना के विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा शिक्षा का नया रास्ता खुलेगा और यहां से बड़ी संख्या में डॉक्टर तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के बनने से पन्ना जिले में चिकित्सकों की कमी की समस्या से भी आने वाले समय में काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है। पन्ना में ही मेडिकल शिक्षा तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि पन्ना को शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। आज आवश्यकता इस बात की है कि विद्यार्थी उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं, अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विषय का चयन करें तथा शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान, कौशल और उद्यमिता पर भी ध्यान दें।

उद्योग विशेषज्ञ और उद्यमी देंगे मार्गदर्शन- दो दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न उद्योग समूहों के अधिकारी, स्टार्टअप से जुड़े विशेषज्ञ एवं इंटरप्रेन्योर छात्र-छात्राओं के लिए विशेष सत्र आयोजित करेंगे। इन सत्रों में विद्यार्थियों को करियर निर्माण, रोजगार, स्वरोजगार, स्टार्टअप, उद्योग जगत की आवश्यकताओं और भविष्य की संभावनाओं के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा।





उत्तर वनमंडल की वन परिक्षेत्र धरमपुर में गहरे कुएं में गिरी नीलगाय का वन अमले ने किया सफल रेस्क्यू, वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह में बचाई बेजुबान की जान

पन्ना। उत्तर सामान्य वन मंडल पन्ना के अंतर्गत वन परिक्षेत्र धरमपुर में 01 से 07 अक्टूबर तक चलाए जा रहे 'वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह' के दौरान वन अमले की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया है। एक तरफ जहां वन विभाग की टीमें गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों को वन्यजीवों के संरक्षण का महत्व समझा रही हैं, वहीं दूसरी तरफ सूचना मिलते ही खेत के कुएं में गिरी एक नीलगाय का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे जीवनदान दिया गया।

जागरूकता अभियान के बीच मिली आपात सूचना''- प्राप्त जानकारी के अनुसार, धरमपुर वन परिक्षेत्र का स्टाफ वन सुरक्षा समितियों की बैठक और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों में वन्यजीव संरक्षण की अलख जगाने निकला हुआ था। इसी दौरान ग्राम श्मेहदी के पुरवाश से सूचना प्राप्त हुई कि एक किसान के खेत में बने गहरे कुएं में नीलगाय गिर गई है और बाहर निकलने के लिए छटपटा रही है। सूचना मिलते ही परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) मनोज सिंह के नेतृत्व में विभागीय अमला बिना समय गंवाए सीधे घटनास्थल पर पहुंचा।

दो घंटे की तकनीकी सूझबूझ से सुरक्षित रेस्क्यू- घटनास्थल पर कुएं में गिरी नीलगाय अत्यधिक भयभीत थी और ग्रामीणों का भारी जमावड़ा लगा हुआ था। वन अमले ने धैर्यपूर्वक ग्रामीणों के सहयोग और रस्सियों के सहारे योजनाबद्ध तरीके से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। लगभग दो घंटे तक चले इस चुनौतीपूर्ण अभियान के बाद नीलगाय को बिना किसी गंभीर चोट के सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्राथमिक परीक्षण के उपरांत उसे उसके प्राकृतिक रहवास में विचरण हेतु छोड़ दिया गया।

सराहनीय कार्य में यह अमला रहा शामिल- इस त्वरित एवं सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में रेंजर मनोज सिंह के साथ वन अमले के कर्मठ साथी शामिल रहे - महीप कुमार रावत, रामखगेश पटेल, महेंद्र साहू, हेमराज, आनंद पटेल, शिव प्रसाद गुप्ता, अंकुर खरे, शिव वरण प्रजापति, सहित धरमपुर रेंज का अन्य मैदानी स्टाफ एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय विजेताओं एवं एसजीएफआई राज्य चयनित खिलाड़ियों का हुआ सम्मान





देवेंद्रनगर। देवेंद्रनगर के खिलाड़ियों ने कराटे के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित किया है। अकादमी के दो खिलाड़ियों रोहिणी सिंह एवं हर्षित सोनी ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय विजेता बनने का गौरव हासिल किया, वहीं अकादमी के 15 खिलाड़ियों का एसजीएफआई राज्य स्तरीय चयन हुआ है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह में गनौर विधानसभा के विधायक डॉ. राजेश वर्मा द्वारा राष्ट्रीय विजेता खिलाड़ियों एवं एसजीएफआई राज्य चयनित खिलाड़ियों को ट्रॉफी, कप, मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी गईं। राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले रोहिणी सिंह एवं हर्षित सोनी ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से अकादमी का गौरव बढ़ाया। वहीं 15 खिलाड़ियों का एसजीएफआई राज्य चयन अकादमी के लिए एक और बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। समारोह में अकादमी अध्यक्ष लालित गुप्ता, शिवांगी गुप्ता, उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, महासचिव विजय सिंह चौहान एवं सचिव मोहम्मद सफी उपस्थित रहे। खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नेशनल रेफरी एवं कोच सिद्धांत चौहान भी समारोह में मौजूद रहे। इस अवसर पर अकादमी के वरिष्ठ सदस्यों अभिषेक चौहान, रुचि सिंह चौहान, पूनम वर्मन, जीतेंद्र विश्वकर्मा, शिवांक तिवारी, तनिश बानो, वर्दान सिंह, आयुष जैन एवं निशा सोनी ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अकादमी परिवार ने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि निरंतर मेहनत, अनुशासन और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। आने वाले समय में अकादमी के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन कर देवेंद्रनगर एवं जिले का नाम रोशन करेंगे।

निष्काम सेवा की सुगंध, समर्पण की आभा - 79वां वार्षिक संत समागम

'जहाँ हर कदम सेवा और हर भाव समर्पण का'

पन्ना। संत निरंकारी मिशन का 79वां वार्षिक संत समागम 23 से 26 अक्टूबर, 2026 तक समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर भव्यतापूर्वक आयोजित किया जायेगा, जहाँ हर कदम मानव कल्याण की राह पर बढ़ेगा, हर भाव समर्पण में ढलेगा और हर हृदय प्रेम की उस दिव्य ज्योति से आलोकित होगा, जो मानवता को एकत्व, सद्भाव और प्रभु-भक्ति के सूत्र में पिरोने का संदेश देती है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में यह समागम प्रेम, सेवा, सद्भाव और मानव एकता की दिव्य भावना का संदेश देगा। इस पावन समागम की शुभ सूचना से श्रद्धालुओं के हृदय आनंद, उमंग और प्रभु-प्रेम की अनुपम अनुभूति से प्रफुल्लित हैं। अंतर्मन में जब प्रभु का प्रकाश जागता है, तब जीवन की दिशा बदल जाती है। सेवा में समर्पण, सुमिरन में शांति और सत्संग में सत्य की अनुभूति होने लगती है। यही आत्मिक चेतना और ब्रह्मज्ञान मनुष्य को प्रेम और प्रभु-भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। इसी भीतर के प्रकाश और चेतना के नवजागरण की दिव्य अनुभूति से परिपूर्ण इस वर्ष का वार्षिक निरंकारी संत समागम श्रद्धालुओं के लिए एक अनुपम आध्यात्मिक यात्रा बनेगा, जिसका प्रेरणादायी विषय है - 'जागृति'।







इस दिव्य उत्सव की तैयारियाँ श्रद्धा, समर्पण, लगन और निःस्वार्थ सेवा-भाव के साथ पूरे उत्साह से चल रही हैं। हर आयु, वर्ग और पृष्ठभूमि की सीमाओं से परे, श्रद्धालु भक्त तन-मन से सेवा में तल्लीन हैं। प्रातः की पहली किरण से लेकर संध्या के ढलते प्रकाश तक, समागम स्थल का प्रत्येक कोना सेवा, भक्ति और समर्पण की जीवंत छवि प्रस्तुत कर रहा है। कोई निर्माण कार्य में सहयोग दे रहा है, कोई शामियाने सजा रहा है, तो कोई स्वच्छता, जल व्यवस्था और भोजन सेवा को सुव्यवस्थित करने में लगा है। वहीं वार्षिक निरंकारी संत समागम की भव्यता को दर्शाता मुख्य प्रवेश-द्वार भी आकार ले रहा है, जो प्रेम, समरसता और आत्मिक एकत्व की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक बनकर श्रद्धालुओं का स्वागत करेगा। सेवा का यह अद्भुत दृश्य उस समर्पण की साक्षात अभिव्यक्ति है, जो सतगुरु के ज्ञान से हृदय में जागृत होता है। वास्तव में, जब सेवा में निःस्वार्थ भाव और समर्पण जुड़ जाता है, तो साधारण से साधारण क्षण भी आनंद और उत्सव की अनुभूति से भर जाता है। सेवा-भाव की इस अनुपम छटा को देखकर सहज ही अनुभव होता है कि सेवकों के चेहरे पर परिश्रम की थकान नहीं, बल्कि संतोष और समर्पण की दिव्य आभा झलक रही है। उनके लिए सेवा केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि सतगुरु के प्रति प्रेम और कृतज्ञता को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। यही वह आत्मिक आनंद है, जो निःस्वार्थ सेवा, भक्ति और सतगुरु की छत्रछाया में जीवन को भीतर से प्रकाशित करता है। सतगुरु माता जी भी अपने प्रवचनों में निरंतर सेवा, सत्संग और प्रभु-स्मरण के महत्व की प्रेरणा देते हुए कहती हैं कि ''तन पवित्र सेवा किये, धन पवित्र दिये दान,''मन पवित्र हरि भजन सों, त्रिबिध होई कल्याण।'' अर्थात जब तन सेवा में, धन परोपकार में और मन प्रभु-भक्ति में समर्पित हो जाता है, तभी जीवन में सच्चे कल्याण और आत्मिक शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। समागम में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से की जा रही हैं। सेवा, सत्कार और अपनत्व की यही भावना प्रत्येक श्रद्धालु को सम्मान एवं सौहार्द से परिपूर्ण वातावरण का अनुभव कराएगी। निःसंदेह, यह संत समागम मात्र एक आयोजन नहीं, बल्कि मानवता, समरसता और एकत्व का अनुपम पर्व है। विभिन्न संस्कृतियों और परिवेशों से आए श्रद्धालु यहाँ 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को साकार करते हुए सतगुरु की अमृतवाणी से अपने अंतर्मन को आलोकित करते हैं। प्रेम, शांति और मानव एकता के इस दिव्य महापर्व में प्रत्येक भाई-बहन एवं सज्जन भक्त का हार्दिक स्वागत है।

खबर संक्षेप

अवैध लकड़ी का परिवहन करते पिकअप वाहन जप्त

छतरपुर । वन विभाग ने अवैध लकड़ी का परिवहन करते हुए एक पिकअप वाहन को जब्त कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर मुख्य वन संरक्षक छतरपुर नरेश यादव के निर्देशन में एवं वन मंडल अधिकारी छतरपुर ऋषि मिश्र के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी छतरपुर अंबुज नयन पांडे के हमराह स्टाफ ने एक सफेद रंग के पिकअप वाहन क्रमांक एमपी16 जेडबी 9205 को कदारी तिगड्डा एनएच 39 पर रोकने का प्रयास किया जो पीछे पीली तिरपाल से ढका हुआ था तब वाहन चालक के द्वारा पिकअप को और तेजी से चलाते हुए मौके से भागने का प्रयास किया गया और वन स्टाफ के द्वारा लगभग 20 किलोमीटर पीछा करने पर करीं से पहरा मार्ग पर पिकअप को रोक कर जांच की गई तो उसमें सेमल प्रजाति की लकड़ी भरी हुई पाई गई। मौके कर वाहन चालक हरप्रसाद तनय राजू त्रिवेदी के द्वारा लकड़ी से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज न होना बताया गया। मौके पर गाड़ी में सेमल प्रजाति की सतकठा लकड़ी भरी हुई थी। मौके पर वाहन को मय सेमल लकड़ी के जप्त कर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

देवपुर तिराहे पर कार की टक्कर से 8 माह की गर्भवती महिला घायल

डायल-112 के आरक्षक ने बिना देर किए अस्पताल पहुंचाया, मां और गर्भस्थ शिशु की हालत पर नजर

लवकुशनगर।



थाना क्षेत्र के देवपुर तिराहे पर सोमवार को सड़क हादसे में 8 माह की गर्भवती महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि महिला सड़क पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। महिला की हालत को देखते हुए डायल-112 में तैनात आरक्षक हरिशंकर यादव ने एंबुलेंस का इंतजार नहीं किया और घायल महिला को तत्काल शासकीय वाहन से लवकुशनगर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला का उपचार शुरू किया। महिला 8 माह की गर्भवती होने के कारण डॉक्टर उसकी और गर्भ में पल रहे बच्चे की स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं।

इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर दुर्घटना करने वाली कार और उसके चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए डायल-112 की टीम और आरक्षक हरिशंकर यादव की तत्परता की सराहना की।

35वें वर्ष सजेगा मां दुर्गा का भव्य दरबार

30 फीट के वाटरप्रूफ डोम में विराजेंगी 9 प्रतिमाएं 10 फीट ऊंची होगी मां दुर्गा की मुख्य प्रतिमा

नौगांव।

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर बंटा सेठ चौराहा एक बार फिर मां दुर्गा की भक्ति में रंगने जा रहा है। मां दुर्गा एकता उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष नवरात्रि के 35वें वर्ष मां का भव्य दरबार सजाया जा रहा है। समिति ने इस बार झांकी को खास और आकर्षक स्वरूप देने की तैयारी की है। 30 फीट ऊंचे, 30 फीट लंबे और 30 फीट चौड़े वाटरप्रूफ डोम में मां दुर्गा का दरबार सजेगा। इसमें कुल 9 प्रतिमाएं विराजमान होंगी, जबकि मुख्य प्रतिमा 10 फीट ऊंची होगी।

समिति सदस्य जितेंद्र शर्मा जितू ने बताया कि वर्ष 1991 में मोहल्ले के लोगों के सहयोग से भट्ट बंगला के पास बंटा सेठ चौराहे पर पहली बार मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर नवरात्रि उत्सव शुरू किया गया था। नौ दिनों तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मां की आराधना की गई। आयोजन को मिली सराहना के बाद यह सिलसिला लगातार जारी रहा और अब यह आयोजन 35वें वर्ष में पहुंच गया है।

15 बार मिल चुका है सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार -

बंटा सेठ चौराहे की मां दुर्गा की झांकी ने शहर में अपनी अलग पहचान बनाई है। रामलीला समिति द्वारा दशहरा दहन के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ झांकी को पुरस्कार दिया जाता है। मां दुर्गा एकता उत्सव समिति अब तक 15 बार सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार अपने नाम कर चुकी है। खास बात यह है कि समिति की झांकी लगातार 6 वर्षों तक सर्वश्रेष्ठ रही है।



हर साल मां के स्वरूप में नया प्रयोग

समिति के अध्यक्ष अंजनी भट्ट गोली ने बताया कि मां का दरबार और झांकी का मंच हर वर्ष आकर्षण का केंद्र रहता है। समिति द्वारा हर साल मां के स्वरूप और झांकी की सजावट में कुछ नया करने का प्रयास किया जाता है। कभी प्रतिमा की ऊंचाई तो कभी साथ विराजमान देवी-देवताओं के स्वरूप में बदलाव किया जाता है। इस वर्ष भी 9 प्रतिमाओं के माध्यम से झांकी को विशेष रूप दिया जा रहा है। पंचमी पर होगी भव्य संगीतमय महाआरती नवरात्रि की पंचमी तिथि पर मां के दरबार में भव्य संगीतमय महाआरती का आयोजन किया जाएगा। समिति पिछले कई वर्षों से महाआरती का फेसबुक और यूट्यूब के माध्यम से लाइव प्रसारण भी कराती आ रही है। इससे शहर से बाहर रहने वाले श्रद्धालु भी घर बैठे मां के दर्शन और आरती में शामिल हो सकेंगे। 11 अक्टूबर से शुरू होगा नवरात्रि पर्व इस वर्ष शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 11 अक्टूबर से होगी। घटस्थापना के साथ नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना की जाएगी। नवरात्रि को लेकर शहर के देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। बंटा सेठ चौराहे पर भी 35वें वर्ष के आयोजन को यादगार बनाने के लिए समिति द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं।

नौगांव में NSUI की नई कार्यकारिणी गठित, युवा चेहरों को मिली जिम्मेदारी

छात्र हितों की आवाज बुलंद करने और कॉलेजों से ग्रामीण क्षेत्रों तक संगठन विस्तार का संकल्प



नौगांव। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (**NSUI**) ने नौगांव में संगठन को मजबूत करने के लिए नगर कार्यकारिणी का गठन किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गगन यादव के निर्देशन तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सर्वेश तिवारी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप यादव के मार्गदर्शन में **NSUI** नगर अध्यक्ष आनंद वर्मा ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी में छात्र-युवाओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपते हुए छात्र हितों के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने और संगठन का विस्तार करने का संकल्प लिया गया। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर शैलेंद्र भारती एवं युवराज परमार, महासचिव पद पर दीपांशु वर्मा, अजय साहू एवं सतीश यादव को जिम्मेदारी दी गई है। सचिव पद पर द्रोपती पाल, शैंकी वर्मा एवं नैतिक यादव तथा सह-सचिव पद पर फैजान खान, कृष्ण श्रीवास एवं मयंक बुंदेला को नियुक्त किया गया है।

अध्यक्ष आनंद वर्मा ने बताया कि नई टीम के पदाधिकारियों के साथ कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को होने वाली समस्याओं को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों और उचित मंच तक पहुंचाया जाएगा। शिक्षा, छात्र सुविधाओं, रोजगार और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने के साथ जरूरत पड़ने पर संगठनात्मक स्तर पर भी आवाज उठाई जाएगी। कार्यकारिणी के गठन के साथ **NSUI** ने नौगांव नगर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और शैक्षणिक संस्थानों में संगठन की गतिविधियां बढ़ाने की तैयारी की है। पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और समस्याओं के प्रति जागरूक करने तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की बात कही।

मां सावित्री बाई फुले जन कल्याण समिति कराएगी आयोजन, 130 महिलाओं का पंजीयन पूरा

18 अक्टूबर को सजेगा गरबा-डांडिया का रंग, थिरकेंगी महिलाएं और बच्चियां



छतरपुर। मां सावित्री बाई फुले जन कल्याण समिति द्वारा नवरात्रि के अवसर पर विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी गरबा-डांडिया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 18 अक्टूबर को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगा। आयोजन को लेकर महिलाओं और बच्चियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम की आयोजक आस्था सिंह पटेल ने बताया कि इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तुलना में और बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है। आयोजन में महिलाएं और बच्चियां गरबा एवं डांडिया की प्रस्तुतियां देंगी। अभी तक करीब 130 महिलाओं का पंजीयन हो चुका है। इसके अलावा लगभग इतनी ही संख्या में बच्चियों के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में शामिल होने वाली बच्चियों से 100 रुपए पंजीयन शुल्क लिया जा रहा है। पंजीयन के बाद प्रतिभागियों को परिचय पत्र और डांडिया सहित कार्यक्रम में उपयोगी अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। गरबा का प्रशिक्षण प्रतिभागियों को निःशुल्क दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिवानी सेन द्वारा कराया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में व्यवस्थाओं को संभालने के लिए इस बार वॉलेंटियर की टीम भी तैनात रहेगी। आयोजन का उद्देश्य बच्चियों को भारतीय संस्कृति और पारंपरिक नृत्य से जोड़ने के साथ उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा करना और उन्हें मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना है।

दूध टैंकर ने बाइक सवार पिता-पुत्री को मारी टक्कर, दोनों घायल



छतरपुर। सागर रोड पर देरी तिराहा के पास एक सड़क हादसा हो गया। यहां दूध के टैंकर ने बाइक सवार पिता-पुत्री को टक्कर मार दी। हादसे में मलका निवासी मुकेश पाठक 40 वर्ष और उनकी बेटी घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, मुकेश पाठक अपनी बेटी के साथ बाइक से छतरपुर से सागर रोड की ओर निमंत्रण में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान देरी तिराहा के पास दूध टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों की मदद की और उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया। चिकित्सकों के मुताबिक, पिता-पुत्री के पैरों में गंभीर चोटें आई हैं और दोनों का अस्पताल में इलाज जारी है। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

3 थाना प्रभारियों सहित 6 अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

छतरपुर। जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सक्रिय एवं चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने पुलिस महकमे में महत्वपूर्ण फेरबदल किया है। एसपी द्वारा जारी किए गए आदेश के तहत जिले के तीन प्रमुख थानों के प्रभारियों सहित अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं के कुल छह पुलिस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रशासनिक दृष्टिकोण से किए गए इस बदलाव का मुख्य ध्येय क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के त्वरित निराकरण और आम नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना है। हरपालपुर थाने की कमान निरीक्षक नितिन शर्मा को सौंपी गई है। वहीं ओरछा रोड थाने में निरीक्षक दीपक शर्मा को नया थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही बिजावर थाने के प्रभारी के रूप में निरीक्षक डी.के. सिंह की पदस्थापना की गई है। एसपी ने सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने आवंटित थानों में पहुंचकर पदभार ग्रहण करने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

लोकसंस्कृति से सराबोर हुआ देशज मंच, काली खप्पर नृत्य ने बिखेरी जनजातीय ऊर्जा

खजुराहो के आदिवर्त संग्रहालय में बुंदेलखंड की लोकधारा पर आधारित सांस्कृतिक संध्या संपन्न



छतरपुर। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा संचालित आदिवर्त जनजातीय एवं लोककला राज्य संग्रहालय, खजुराहो में साप्ताहिक सांस्कृतिक श्रृंखला 'देशज के अंतर्गत 04 अक्टूबर 2026 को बुंदेलखंड क्षेत्र की पारंपरिक लोकधारा पर आधारित लोकगीत एवं कोलदहका जनजातीय नृत्य की गरिमापूर्ण प्रस्तुतियाँ संपन्न हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं आमंत्रित कलाकारों के पारंपरिक सम्मान के साथ किया गया।

नीरज अहिरवार ने गाए बुंदेली लोकगीत

प्रथम प्रस्तुति श्री नीरज अहिरवार (महाराजपुर) की रही। उन्होंने देवी भगत गीत, कार्तिक गीत, बनरा गीत एवं बिलवारी जैसे पारंपरिक बुंदेली लोकगीतों का सुसंस्कृत एवं प्रभावपूर्ण गायन प्रस्तुत किया। उनके गायन ने पूरे वातावरण को लोकसंगीत की आत्मीयता से सराबोर कर दिया।

द्वितीय प्रस्तुति सुश्री कुशुमकली कोल (सीधी) द्वारा कली खप्पर नृत्य की रही। काली खप्पर नृत्य मध्य प्रदेश के बघेलखंड क्षेत्र का अत्यंत प्रसिद्ध पारंपरिक धार्मिक एवं लोक नृत्य है। यह विशेष रूप से नवरात्रि के दौरान जवारा विसर्जन के समय माँ काली की उपासना के रूप में किया जाता है। इस नृत्य में मुख्य नर्तक अपने हाथ में मिट्टी का खप्पर (पात्र) लेकर नृत्य करता है, जिसमें आग या जलते हुए अंगारे होते हैं। ढोल, नगाड़े और मृदंग की तीव्र थापों से पूरा माहौल भक्तिमय एवं ओजपूर्ण हो उठता है। कुशुमकली कोल की प्रस्तुति ने जनजातीय ऊर्जा को मंच पर जीवंत कर दिया।

शराब के नशे में मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप, परिवार ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

छतरपुर। गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कायन में एक बुजुर्ग और उनके परिवार के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि शराब के नशे में आरोपी ने घर के सामने विवाद करते हुए उनके साथ अभद्रता और मारपीट की। सूचना पर पहुंची डायल-100 पुलिस के सामने भी आरोपी कथित रूप से गाली-गलौज करता रहा। स्थानीय थाना पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

112 पर कॉल करने पर मोबाइल छीनने का प्रयास

ग्राम कायन निवासी 61 वर्षीय मोहन राजपूत ने बताया कि वे मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके अनुसार 28 सितंबर को पड़ोस में रहने वाला अजय प्रताप महदेले शराब के नशे में उनके घर के सामने आया और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने 18 वर्षीय सौरभ प्रताप सिंह लोधी सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को सूचना देने के लिए 112 नंबर पर कॉल करने का प्रयास किया, तो आरोपी द्वारा मोबाइल छीनने का प्रयास किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

पुलिस के सामने भी जारी रही अभद्रता

घटना की सूचना मिलने के बाद डायल-100 पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में भी आरोपी शांत नहीं हुआ और लगातार गाली-गलौज एवं अभद्रता करता रहा। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना के बाद उन्होंने गुलगंज थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।



नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास, 24 हजार जुर्माना

छतरपुर।

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट उपेंद्र देशवाल की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी राजा उर्फ हर्षवर्धन को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 24,000 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

एड. राहुल रैकवार ने बताया कि 3 जून 2024 की शाम लगभग 7:30 बजे वह अपने घर पर थी तथा उसकी बच्ची पीडिता घर के बाहर खेल रही थी, उसी घर में राजा शुक्ला भी किराए का कमरा लेकर रहता था। कुछ देर बाद वह अपनी बच्ची पीड़िता को देखने घर के बाहर गई तो देखा कि पीडिता घर के बाहर नहीं थी,तभी राजा शुक्ला के कमरे से पीड़िता के रोने की आवाज आई तो उसने राजा शुक्ला के कमरे में जाकर देखा कि राजा शुक्ला उसकी बच्ची के साथ गलत कार्य कर रहा था। वह राजा शुक्ला पर चिल्लाई और बच्ची पीड़िता को अपने कमरे में लेकर आ गई। पीड़िता की मां ने पूरी घटना अपने पति को बताई एवं 4 जून 2024 को पीड़िता की मां के द्वारा थाना नौगांव में शिकायत प्रस्तुत की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण की विवेचना के बाद न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की ओर से लोकेश कुमार दुबे सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी / विशेष लोक अभियोजक ने न्यायालय के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए आरोपी को कठोर दंड दिए जाने की मांग की । उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 24000 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पीड़िता को 3 लाख प्रतिकर- न्यायालय ने पीड़िता के उपचार, भविष्य एवं समाज की मुख्यधारा में पुनर्वास की आवश्यकता को देखते हुए 3,00,000 रुपये प्रतिकर प्रदान किए जाने के संबंध में आदेश की प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर को भेजने का निर्देश दिया है।

सनातन हिंदू एकता के संदेश के साथ 11 अक्टूबर से निकलेगी रथ यात्रा, रूट चार्ट जारी

छतरपुर।



हिंदू समाज में एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देने के उद्देश्य से बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपनी तीसरी यात्रा निकाल रहे हैं। इस बार सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा के नाम से आयोजन किया जा रहा है। आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा की आराधना के पहले दिवस 11 अक्टूबर से बागेश्वर धाम से रथ यात्रा की शुरुआत होगी। यात्रा बुंदेलखंड के पांच जिलों से होकर करीब 500 किलोमीटर का सफर तय करेगी।

बागेश्वर महाराज ने यात्रा का रूट चार्ट जारी करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज के भीतर आपसी मतभेद और विभाजन की स्थिति चिंता का विषय है। ऐसे समय में संतों का दायित्व है कि वे समाज को एकजुट करने और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि देश के हिंदुओं को एकजुट करने और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ प्रयास लगातार जारी है। यात्रा के माध्यम से हिंदू समाज को एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया जाएगा।

हर दिन होगा राष्ट्रगान और हनुमान चालीसा

सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा के दौरान प्रतिदिन राष्ट्रगान, हनुमान चालीसा और सात संकल्प के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ेंगे। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों से संवाद और जनजागरण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। यात्रा का उद्देश्य हिंदू समाज को एकता के सूत्र में बांधने के साथ-साथ सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभावना का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

ऐसे आगे बढ़ेगी रथ यात्रा

सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम से 11 अक्टूबर को सुबह 10 बजे राष्ट्रगान और हनुमान चालीसा के साथ यात्रा की शुरुआत होगी। बागेश्वर धाम से निकली रथ यात्रा बमीठा पहुंचेगी जहां 20 मिनट का मंचीय कार्यक्रम होगा इसके बाद चंद्रनगर में भी स्टैंड तिराहा में 20 मिनट का बागेश्वर महाराज का संबोधन होगा। यात्रा दोपहर के वक्त अजयगढ़ पहुंचेगी यहां स्थित आश्रम में दोपहर भोज रखा गया है। यहां से यात्रा आगे बढ़कर सिंहपुर पहुंचेगी जहां 20 मिनट का उद्बोधन होगा। रात्रि विश्राम पन्ना के रघुलीला पैलेस एवं मधुवन पैलेस में होगा। 12 अक्टूबर को पन्ना से यात्रा अमानगंज के लिए रवाना होगी। अमानगंज के स्टेडियम में मंचीय कार्यक्रम होगा इसके पश्चात यात्रा पवई के लिए निकलेगी जहां दोपहर भोज रखा गया है। पवई से मोहन्द्रा होते हुए यात्रा हटा पहुंचेगी जहां गौरीशंकर मंदिर में रात्रि विश्राम होगा। हटा से 13 अक्टूबर को यात्रा हिंडोरिया पहुंचेगी यहां मंचीय कार्यक्रम के बाद यात्रा दमोह के लिए निकलेगी जहां दोपहर में राधिका पैलेस में भोजन रखा गया है। दमोह से यात्रा गढ़ाकोटा, रहली होते हुए सागर पहुंचेगी जहां श्री बालाजी मंदिर में रात्रि विश्राम होगा। 14 अक्टूबर को यात्रा सागर से शुरू होकर कर्रापुर पहुंचेगी जहां उद्बोधन होने के बाद बंडा के लिए निकलेगी दोपहर में यही मंडी प्रांगण में भोजन होगा। बंडा से शाहगढ़, बड़ागांव होकर यात्रा टीकमगढ़ पहुंचेगी जहां शासकीय पीजी कॉलेज में रात्रि विश्राम होगा। रथ यात्रा आखिरी दिन गुरुवार 15 अक्टूबर को टीकमगढ़ से जतारा पहुंचेगी जहां दोपहर में भोजन होगा इसके पश्चात पलेरा, नौगांव होते हुए शाम को छतरपुर आएगी।

नम आंखों से हुई विमानों की विदाई, मयूर नृत्य से बृजमय हुआ मेला मैदान



छतरपुर। श्रावण द्वादशी मां अन्नपूर्णा मेला जलविहार महोत्सव का 12वें दिन रविवार की रात भगवान के विमानों की विदाई के साथ समापन हो गया। रात 12 बजे जलविहार के बाद विभिन्न मंदिरों से आए विमानों को समिति सदस्यों और श्रद्धालुओं ने नम आंखों से विदाई दी। इससे पहले मां अन्नपूर्णा एवं विमानों की संगीतमयत महाआरती हुई। समापन अवसर पर रानू तिलकधारी ग्रुप के कलाकारों ने मयूर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर मेला मैदान को बृजमय कर दिया। समापन की महाआरती के मुख्य यजमान भाजपा के युवा नेता आलोक दुबे रहे। मेला समिति के सदस्यों ने उनका शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। वहीं मेले के शुभारंभ से लेकर समापन तक प्रतिदिन महाआरती का गायन करने वाले प्रमोद तिवारी को भी शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मेले के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष एवं मेला समिति की परामर्श समिति के सदस्य जयकृष्ण चौबे को भी शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मेला जलविहार के दौरान प्रतिदिन मां अन्नपूर्णा की महाआरती के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 23 सितंबर से शुरू हुए इस आयोजन में नगर के विभिन्न मंदिरों से भगवान के विमान अन्नपूर्णा मंदिर प्रांगण में विराजमान रहे।

छतरपुर पुलिस ने लौटाए 38.40 लाख के 256 गुम हुए मोबाइल, खिल उठे चेहरे

छतरपुर। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन विश्वास के तहत छतरपुर पुलिस ने गुम हुए मोबाइलों की तलाश कर उनके वास्तविक स्वामियों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। इसी क्रम में माह सितम्बर में पुलिस की साइबर सेल और थाना टीमों द्वारा जिले भर से कुल 256 गुम मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 38 लाख 40 हजार रुपये है। छतरपुर मुख्यालय पर पुलिस कंट्रोल रूम में सीएसपी अरुण कुमार सोनी एवं थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष श्रोत्रिय की मौजूदगी में 76 गुम हुए मोबाइल उनके धारकों को सौंपे गए, जिन्हें पाकर आवेदकों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 के अंतर्गत संचालित इस अभियान के तहत छतरपुर पुलिस अब तक कुल 1,325 गुम मोबाइल फोन विभिन्न राज्यों एवं जिला स्तर से बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस लौटा चुकी है। पुलिस की इस मुहिम से सैकड़ों नागरिकों को आर्थिक राहत मिलने के साथ-साथ पुलिस के प्रति आमजन का भरोसा और मजबूत हुआ है। छतरपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल फोन गुम होने पर घबराएं नहीं और तुरंत अपने नजदीकी थाने या साइबर सेल पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिकायत दर्ज कराएं।

एसजीएमएच में इलाज से ज्यादा विवाद सुर्खियों में,मरीज के परिजन, डॉक्टर और सुरक्षा कर्मचारियों के बीच विवाद

नर्सिंग एसोसिएशन ने 48 घंटे में एफआईआर दर्ज करने की मांग

युवक ने वीडियो बनाया तो बनी विवाद की स्थिति

रीवा।

संजय गांधी अस्पताल में मरीजों को इलाज देने के बजाय विवाद और हंगामे का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार देर रात आकस्मिक चिकित्सा के वार्ड नंबर-7 में मोबाइल से वीडियो बनाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मरीज के परिजनों ने करीब एक दर्जन डॉक्टरों और सुरक्षा कर्मचारियों पर एक व्यक्ति को घेरकर मारपीट करने का आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य लोगों के साथ भी धक्कामुक्की की गई। सूचना पर पुलिस पहुंची, तब जाकर स्थिति नियंत्रित हो सकी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। उस समय बड़ी संख्या में मरीजों के परिजन परिसर में मौजूद थे। कुछ देर तक तनाव की स्थिति बनी रही। परिजनों ने अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर अभद्रता और मारपीट के आरोप लगाए। उनका कहना था कि इलाज की जगह अस्पताल में आए दिन विवाद और अराजकता की स्थिति बन रही है। घटना के बाद सोमवार को नर्सिंग स्टाफ में नाराजगी है और नर्सिंग एसोसिएशन ने अस्पताल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

मोबाइल कैमरे पर रोक बनी विवाद की वजह

गौरतलब है कि संजय गांधी अस्पताल में मोबाइल से फोटो वीडियो बनाने को लेकर पहले भी विवाद सामने आते रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन ने अव्यवस्था की तस्वीरें और वीडियो बनाए जाने पर रोक लगाई है। पहले अस्पताल में मोबाइल ले जाने को लेकर भी सख्ती की गई थी, हालांकि बाद में मोबाइल ले जाने की अनुमति दी गई। अब फोटो वीडियो बनाने पर रोक के कारण आए दिन मरीजों के परिजन और सुरक्षा कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। परिजनों का आरोप है कि सुरक्षा कर्मचारी कई बार अभद्र व्यवहार करते हैं और विरोध करने पर मारपीट तक की



नौबत आ जाती है।

चाकू लगने के बाद भर्ती हुआ था मरीज

जानकारी के अनुसार गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के आनंदगढ़ निवासी नागेंद्र यादव को चाकू लगने के बाद इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया था। परिजनों के अनुसार उसे आकस्मिक चिकित्सा के वार्ड-7 में भर्ती किया गया। इसी दौरान एक व्यक्ति मोबाइल से वीडियो बना रहा था। इसी बात को लेकर अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों और सुरक्षा कर्मचारियों से उसका विवाद हो गया। परिजनों का आरोप है कि वीडियो बनाने वाले व्यक्ति को पकड़कर उसका मोबाइल छीन लिया गया और उसके साथ मारपीट की गई।



मरीज को आईवी कैनुला लगा रही थीं नर्स, पीछे से लात मारने का आरोप

नर्सिंग एसोसिएशन के मुताबिक रविवार रात करीब 10 बजे नर्सिंग ऑफिसर शालू शुक्ला आकस्मिक चिकित्सा विभाग में नाइट ड्यूटी पर थीं। वह एक मरीज को आइवी कैनुला लगा रही थीं। इसी दौरान आरोप है कि पीछे से मरीज के एक परिजन ने उनकी कमर में लात मार दी।

अचानक हुई मारपीट से नर्सिंग ऑफिसर जमीन पर गिर गईं और उन्हें चोट आई। घटना के बाद उन्हें उपचार के लिए सर्जरी विभाग में भर्ती कराया गया। मामले की जानकारी सामने आने के बाद नर्सिंग स्टाफ में आक्रोश है।



नर्सिंग स्टाफ कम, फिर भी दिन-रात सेवा

नर्सिंग एसोसिएशन ने कहा कि एसजीएमएच में मरीजों की संख्या के अनुपात में नर्सिंग स्टाफ पहले से कम है। इसके बावजूद नर्सिंग कर्मचारी दिन-रात मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं। ऐसे में ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। एसोसिएशन ने प्रभारी अधीक्षक डॉ. मनोज इंदुरकर को ज्ञापन सौंपकर नर्सिंग ऑफिसर के साथ मारपीट के आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और अस्पताल में कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। नर्सिंग एसोसिएशन ने अस्पताल प्रबंधन को 48 घंटे का समय देते हुए कहा है कि यदि इस अवधि में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करेगा।एसोसिएशन ने अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ सहित सभी स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था लागू करने की भी मांग की है।

इलाज कराने पहुंचे परिवार से मारपीट,ब्राह्मण समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



रीवा। संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में इलाज कराने पहुंचे एक ब्राह्मण परिवार के साथ कथित मारपीट और अभद्र व्यवहार मामले में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने नाराजगी जताते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि अस्पताल परिसर में मरीज और उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई तथा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की गई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि पीड़ित की शिखा खींचने का प्रयास किया गया और उसे ब्राह्मण कहकर अपमानित किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने कहा कि अस्पताल उपचार और राहत का स्थान है, जहां मरीज और उनके परिजन पहले से ही मानसिक तनाव में रहते हैं। ऐसे में यदि अस्पताल परिसर में ही उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज या अभद्र व्यवहार किया जाता है तो यह गंभीर चिंता का विषय है। ज्ञापन में कहा गया कि अस्पताल में आने वाले आम लोगों के साथ इस तरह का व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। समाज ने प्रशासन से मांग की कि मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना की जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि अस्पताल में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति बेहतर इलाज और सम्मान की उम्मीद लेकर पहुंचता है। मरीज या उसके परिजन के साथ मारपीट अथवा अपमानजनक व्यवहार से न केवल पीड़ित परिवार प्रभावित होता है, बल्कि इससे आम लोगों में भी अस्पताल की व्यवस्था को लेकर गलत संदेश जाता है। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। ज्ञापन सौंपने वालों में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश सचिव सतीश चौबे सहित प्राशू तिवारी, अनुराग मिश्रा और रोहित मिश्रा मौजूद रहे।

सोशल मीडिया की दोस्ती बाद में प्यार का झांसा देकर नाबालिग को लेकर फरार, विदिशा से आरोपी गिरफ्तार



रीवा। सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद नाबालिग किशोरी को कथित तौर पर प्रेमजाल में फंसाकर अपने साथ ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में फरार आरोपी को अमहिया पुलिस 24 घंटे के भीतर विदिशा से गिरफ्तार किया है, आरोपी की पहचान सेवक राम कुशवाहा (20) निवासी ग्यारसपुर, जिला विदिशा के रूप में हुई है। आरोपी ने सोशल मीडिया के माध्यम से अमहिया थाना क्षेत्र की नाबालिग किशोरी से दोस्ती की। बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ने के बाद आरोपी ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया और बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। किशोरी के लापता होने के बाद परिजनों ने करीब दो महीने पहले अमहिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी और अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की। इस दौरान थाना प्रभारी मनोज गौतम के नेतृत्व में पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों और संपर्कों की जानकारी जुटाई। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिले। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र के साथ तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी की लोकेशन और संभावित ठिकाने का पता लगाया। जानकारी की पुष्टि होने के बाद अमहिया पुलिस की टीम विदिशा के ग्यारसपुर पहुंची। पुलिस टीम ने ग्यारसपुर में आरोपी के संभावित ठिकाने पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नाबालिग किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया। वहीं आरोपी सेवक राम कुशवाहा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद पुलिस आरोपी को रीवा लेकर पहुंची जहां पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया झांसी से जेल भेज दिया गया। पुलिस सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी और किशोरी के बीच हुए संपर्क, बातचीत तथा किशोरी को अपने साथ ले जाने की परिस्थितियों की भी जांच कर रही है।

भूख हड़ताल शुरू करते ही एनएसयूआई का टेंट उखाड़ा, जिलाध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं को थाने ले गई पुलिस

विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार और नियुक्ति-वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग पर शुरू हुआ था आंदोलन

रीवा। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में कथित भ्रष्टाचार, वित्तीय एवं नियुक्ति अनियमितताओं सहित छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर चल रहा एनएसयूआई छात्रों का आंदोलन सोमवार को उस समय और गरमा गया, जब संगठन की ओर से विश्वविद्यालय गेट के बाहर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू किया गया, टेंट लगाकर धरना शुरू होते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए और टेंट हटाकर आंदोलनकारियों को वहां से हटा दिया गया। इसके बाद एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय गांधीजी की प्रतिमा लेकर अकेले शांतिपूर्वक बैठ गए। पुलिस ने उन्हें भी वहां बैठने से रोक दिया और बाद में उनके साथियों सहित थाने ले गई। अनियमितताओं, विजिटिंग फैकल्टी की व्यवस्था, परीक्षा एवं परिणामों में देरी, छात्रों के साथ कथित दोहरे मापदंड और विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली समेत कई मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग लंबे समय से की जा रही है। पंकज उपाध्याय ने कहा कि लगातार आंदोलन के बावजूद मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने के बाद अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का निर्णय लिया गया था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एनएसयूआई कार्यकर्ता विश्वविद्यालय गेट के बाहर पहुंचे और धरना-प्रदर्शन के लिए टेंट लगाया। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार जैसे ही भूख हड़ताल शुरू की गई, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने आंदोलनकारियों को वहां



से हटने के लिए कहा और टेंट भी हटा दिया गया।विरोध के बीच पुलिस ने पंकज उपाध्याय और उनके साथ मौजूद कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर बिछिया थाने पहुंचाया। आंदोलनकारियों को कई घंटे तक थाने में बैठाकर रखा गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी थाने पहुंचे और आंदोलनकारियों के समर्थन में खड़े हुए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुरमीत सिंह मंगू, पार्षद मनीष नामदेव और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी थाने पहुंचे। कांग्रेस नेताओं ने शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों और कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताई।

एनएसयूआई ने पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई को लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। संगठन का कहना है कि विश्वविद्यालय से जुड़े गंभीर आरोपों और छात्रों की समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से धरना एवं सत्याग्रह किया जा रहा था। ऐसे में आंदोलन शुरू होते ही टेंट हटाना और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेना सवाल खड़े करता है। संगठन ने कहा कि आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की व्यवस्था में कथित अनियमितताओं की जांच और छात्रों को न्याय दिलाने के लिए है।

तीन दिन का अल्टीमेटम, मांगें नहीं मानीं तो जल सत्याग्रह की चेतावनी

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि आंदोलन को दबाने की कोशिश से संघर्ष खत्म नहीं होगा। उन्होंने प्रशासन को तीन दिन का समय देते हुए कहा कि इस अवधि में विश्वविद्यालय में लगाए गए आरोपों और संगठन की मांगों पर निष्पक्ष जांच कर ठोस कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इसके तहत अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के साथ जल सत्याग्रह सहित अन्य आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। उपाध्याय ने कहा कि छात्रों को न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र सेनुआ में आँगन मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मऊगंज जिले भर मे सेवा संकल्प अभियान के तहत आँगन मिलन का कार्यक्रम का किया जा रहा है इसी कड़ी मे जनपद पंचायत नईगढ़ी की ग्राम पंचायत सेनुआ की आंगनवाड़ी केंद्र सेनुआ में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं देवतालाब विधायक माननीय गिरीश गौतम के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं कन्या पूजन से कर गोंद भराई में सहभागिता की तथा स्व सहायता समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया। इसके पश्चात आंगनवाड़ीकार्यकर्ताओं, सहायिकाओं से संवाद कर उनकी उपलब्धि और चुनौतियों के सम्बन्ध में चर्चा की एवं इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया।



कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला महामंत्री महेंद्र सिंह अंतरैला ने किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष आनंद साहू, देवतालाब मंडल अध्यक्ष विनोद कोल,नईगढ़ी मंडल अध्यक्ष श्रीमती विभा शर्मा,पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश सोंधिया, मंडल उपाध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह,दीपेन्द्र तिवारी,IT सेल जिला संयोजक विनोद द्विवेदी,वरिष्ठ कार्यकर्ता रामपाल सिंह,कैलाश मिश्रा, नीरज उमलिया,बृजराज सिंह,आर डी शर्मा,परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास नईगढ़ी,आँगनवाड़ी कार्यकर्ता,सहायिकायें,अन्य कर्मचारी,पदाधिकारी,एवं समाजसेवी उपस्थिति रहे।

मऊगंज में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का भव्य स्वागत

रघुनाथगंज से शगुन पैलेस तक उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम, बोले- आंगनबाड़ी बहनें बच्चों के लिए मां की तरह

मऊगंज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सोमवार को पहली बार मऊगंज पहुंचे।रघुनाथगंज से लेकर मऊगंज तक जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। शगुन पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद किया और बच्चों के पोषण व देखभाल में उनकी भूमिका की सराहना की।

मऊगंज में सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। रीवा से मऊगंज आने के दौरान देवतालाब में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक गिरीश गौतम के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। इसके बाद वाहनों के काफिले के साथ वे मऊगंज पहुंचे।

बराब मोड़ पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा सहित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। शगुन पैलेस में कलश लेकर कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन और मां सरस्वती के पूजन से हुई।

प्रेस वार्ता में हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मऊगंज में जिस तरह से उनका स्वागत हुआ, उससे वे अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि मऊगंज की पहचान देवतालाब के भगवान भोलेनाथ मंदिर, मां अष्टभुजा धाम और बहुती जलप्रपात जैसी ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहरों से है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान खंडेलवाल ने कहा कि बच्चों के जन्म के बाद उनकी देखभाल और पोषण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण



भूमिका है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी की बहनें बच्चों के लिए मां की तरह देखभाल कर रही हैं। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना सहित सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से बेटियों और महिलाओं के प्रति समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव आया है।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। रश्मि पाल ने बताया कि वे वर्ष 2017 से आंगनबाड़ी में कार्यरत हैं और गांव-गांव जाकर पात्र हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देती हैं।

कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक गिरीश गौतम, प्रदीप पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एनटीपीसी विंध्याचल में महात्मा गांधी एवं पंडित लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर विशेष कार्यक्रम



सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल में 2 अक्टूबर 2026 को वीवा क्लब में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 157वीं जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की 122वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री किशोर कुमार होता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (ओएंडएम), श्री डी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट्स एवं टीएस), श्री निर्मल कुमार सिंह, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), श्री टी.एन. सीतारमन, महाप्रबंधक (रसायन), श्रीमती मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा सुहासिनी संघ की सदस्याएं उपस्थित रहीं। सुहासिनी संघ का नेतृत्व अध्यक्ष श्रीमती पद्मालया होता और उपाध्यक्ष श्रीमती उमा सुरेश ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित के साथ हुई। इसके बाद श्री प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं "परस्पर आदर एवं विश्वास" कोर वैल्यू चैंपियन ने एनटीपीसी की कार्यसंस्कृति में इस मूल्य के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कोर वैल्यू बैज वितरित किए गए। इसके बाद सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने शांति, सद्भाव और सेवा के गांधीवादी विचारों को साझा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री किशोर कुमार होता ने सेवा की भावना, सामूहिक जिम्मेदारी तथा महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने समावेशी और प्रगतिशील कार्यस्थल एवं समाज के निर्माण में एनटीपीसी के "परस्पर आदर एवं विश्वास" कोर वैल्यू की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया।

एनसीएल अन्तरक्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2026-27 का हुआ शुभारंभ



सिंगरौली। सोमवार को एनसीएल अन्तर क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2026-27 का झिंगुरदा परियोजना में शुभारंभ हुआ। 5 अक्टूबर से 7 अक्टूबर, 2026 तक आयोजित यह प्रतियोगिता टीम चैंपियनशिप, एकल, युगल, वरिष्ठ वर्ग, सुपर वरिष्ठ वर्ष, महिला वर्ग इत्यादि श्रेणियों खेली जा रही है। इस प्रतियोगिता में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 13 टीमों के कुल 131 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबन्धक (झिंगुरदा)

असीम बाग, परियोजना जेसीसी सदस्य, विभागाध्यक्ष, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सदस्य, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

अन्तर-क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2026-27 का पहला मैच ककरी व एनएससी तथा दूसरा मैच अमलोरी व सीडब्ल्यूएस के बीच खेल गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच निगाही और मुख्यालय के बीच खेल जाएगा।

गौरतलब है कि एनसीएल में कर्मियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कई अंतर्क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं जैसे एथलेटिक्स, फुटबॉल , वॉलीबॉल , क्रिकेट, चेस, कैरम, बैडमिंटन इत्यादि का आयोजन किया जाता है जिससे कर्मियों की शारीरिक व मानसिक फ़िटनेस की बेहतरी के साथ ही टीम भावना भी मजबूत होती है ।